प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

झालावाड के मनोहर थाना क्षेत्र स्थित पीपलोदी गांव में **आज** एक उच्च प्राथमिक विद्यालय की छत गिरने से पांच बच्चों की मृत्यु हो गई। वहीं 30 से अधिक बच्चे घायल हो गये। घायल बच्चों का इलाज मनोहर थाना अस्पताल में किया जा रहा है। झालावाड के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि गम्भीर रूप से घायल दस बच्चों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने अस्पताल पंहुचकर घायल बच्चों की हालत जानी और उनके ईलाज की जानकारी ली। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में घायल हुए विद्यार्थियों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि इस कठिन घड़ी में उनकी संवेदनाएँ प्रभावित विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी हादसे पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है तथा परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर झालावाड के लिये रवाना हो गये है। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि घटना की उच्चस्तरीय जांच करायी जायेगी और हादसे के कारणों का पता लगाया जायेगा।

......

000000

निवार्चन आयोग ने राज्यसभा के महासचिव को उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग ने केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के परामर्श से ये नियुक्ति की। राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव और निदेशक को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। संविधान की धारा 324 के तहत निर्वाचन आयोग को भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का अधिदेश प्राप्त है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मालदीव की राजधानी माले पहुंच गए हैं। मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ु ने वैलेना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी की अगवानी की। यह प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा है। श्री मोदी आज राष्ट्रपति मुइज़्ज़ु के साथ परस्पर हित के विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। दोनों नेता व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी पर भारत–मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण लागू होने की प्रगति का भी जायजा लेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में मालदीव के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान इस संयुक्त लक्ष्य पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री कल मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे।

000000

राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों के लिए संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच ऐतिहासिक स्थलों–पंचतीर्थ की निशुल्क रेल यात्रा की योजना बनाई है। इस योजना के तहत बाबा साहब की जन्मभूमि–मध्यप्रदेश स्थित महू, दीक्षा भूमि महाराष्ट के नागपुर, महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली और अलीपुर, चैत्य भूमि मुंबई तथा वर्तमान में स्मारक के रूप में विकसित मुम्बई स्थित इंदू मिल की यात्रा करायी जायेगी। यात्रा, आवास और भोजन का सारा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। योजना के तहत आवेदन करने वाला व्यक्ति राजस्थान का मूल निवासी और अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए। यात्रा के लिए आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किए जा सकते हैं।

00000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। वहीं धौलपुर तहसील में भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी, जहां 7 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम विभाग से मिली

जानकारी के अनुसार धौलपुर के राजाखेडा में 5, झालावाड के खानपुर में 4, बारां के छबडा में 3, दौसा के बसवा और करौली के नादोती में 2–2 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। वहीं राज्य के पश्चिमी इलाकों में कहीं–कहीं हल्की बरसात हुई।
विभाग ने आज धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, बारां और कोटा जिले तथा आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात की संभावना व्यक्त की है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं बिजली गिरने और तेज हवा चलने की आशंका है। विभाग ने बादल गरजने के समय पेड़ों के नीचे खड़े नहीं होने तथा घर में बिजली के उपकरणों के प्लग निकाल देने का परामर्श जारी किया है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोताओं द्वारा इसके लिए सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

00000